समाचार

# निगम के गोकुलनगर गोठान में गोधन न्याय योजना का शुभारंभ करेंगे राजस्व मंत्री

कोरबा 19 जुलाई 2020 –नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 31 अंतर्गत स्थित गोकुलनगर गोठान परिसर में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना गोधन न्याय योजना का शुभारंभ प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में, कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत की अध्यक्षता में किया जाएगा। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद व सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी विशिष्ट अतिथि होंगे, साथ ही निगम के मेयर इन काउंसिल सदस्यगण व पार्षदगण की गरिमामयी उपस्थिति इस मौके पर रहेगी, कार्यक्रम हरेली त्यौहार के पावन पर्व पर 20 जुलाई को प्रातः 10 बजे रखा गया है।